सूचना और प्रसारण मंत्रालय

Azadi Ka Amrit Mahotsav

डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाखों लोगों द्वारा एआईआर न्यूज़ का उपयोग

Posted On: 25 MAY 2022 2:28PM by PIB Delhi

जब समाचार मीडिया में विश्वास और प्रामाणिकता की बात आती है, तो ऑल इंडिया रेडियो न्यूज़ नेटवर्क सभी को पीछे छोड़ देता है। रॉयटर्स इंस्टीट्यूट की 2021 की एक रिपोर्ट ने इसकी पुष्टि की है और ऑल इंडिया रेडियो न्यूज नेटवर्क के डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वारा हासिल की गयी उपलब्धियों से भी इसकी पुष्टि होती है। हाल ही में इसने ट्विटर पर 3 मिलियन फॉलोअर्स होने की उपलब्धि हासिल की है।

2013 में अपनी स्थापना के बाद से, इस ट्विटर हैंडल ने प्रति दिन लगभग एक मिलियन बार स्क्रीन पर दिखाई पड़ने (इंप्रेशन, स्क्रीन पर दिखाई देने की संख्या) के साथ लगातार वृद्धि दर्ज की है। इस हैंडल के अलावा @AIRNewsHindi और @AIRNewsUrdu पर भी नियमित अपडेट उपलब्ध हैं। एआईआर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपने 44 ट्विटर हैंडल के माध्यम से क्षेत्रीय भाषाओं में समाचार प्रसारित कर रहा है।

बदलते समय के अनुरूप, एआईआर न्यूज़ ने अधिक से अधिक श्रोताओं, विशेष रूप से युवाओं तक पहुंचने के लिए कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर अपनी सेवाओं का विस्तार किया है। ऑल इंडिया रेडियो, पारंपरिक माध्यमों के साथ-साथ कई अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे यूट्यूब, ऐप, वेबसाइट, फेसबुक, इंस्टाग्राम और कू पर समाचार अपडेट प्रदान करता रहा है, जिससे यह भरोसेमंद समाचार तक पहुंचने का सर्वव्यापी माध्यम बन गया है।

न्यूज़ऑनएआईआर ऐप ऑल इंडिया रेडियो के लिए गेम-चेंजर साबित हुआ है, क्योंकि 270 ऑल इंडिया रेडियो स्ट्रीम, न्यूज़ऑनएआईआर ऐप पर भारत में और पूरी दुनिया के 190 से अधिक देशों में उपलब्ध हैं। न्यूज़ऑनएआईआर ऐप पर कुछ एआईआर स्ट्रीम जैसे विविध भारती, एआईआर पंजाबी और एआईआर न्यूज़ 24*7 इनमें से कई देशों में बहुत लोकप्रिय हैं।

3 साल की छोटी अवधि में 'न्यूज ऑन एआईआर ऑफिशियल' यूट्यूब चैनल का उपयोग करने वालों की संख्या पर 4.5 लाख हो गयी है, जो सभी प्लेटफॉर्म पर ऑल इंडिया रेडियो न्यूज की प्रासंगिकता को दर्शाता है। 2019 में स्ट्रीमिंग शुरू होने के बाद से, इसे देखने के समय में रैखिक वृद्धि हुई है, जो बढ़कर 22 लाख घंटे से अधिक हो गई है और कुल इंप्रेशन (स्क्रीन पर दिखाई देने की संख्या) 38 करोड़ से अधिक हो गए हैं। इन सभी प्लेटफार्मों पर विकास पूरी तरह से आर्गेनिक है।

एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, एआईआर न्यूज़ के फेसबुक पर फॉलोअर्स की संख्या 3.4 मिलियन को पार कर गई है। एआईआर न्यूज़ के फेसबुक पेज पर फॉलोअर्स 43 विभिन्न देशों से हैं। यह इसे 'वॉइस ऑफ इंडिया का दर्जा देता है और दुनिया भर में भारत और भारतीय प्रवासियों के बीच एक कड़ी की भी भूमिका निभाता है। भारतीय परिप्रेक्ष्य पर ध्यान देने के कारण, वर्ल्ड न्यूज़ कार्यक्रम जैसे रेडियो शो बहुत कम समय में लोकप्रिय हो गए हैं।

प्रसार भारती के सीईओ शशि शेखर वेम्पति ने इस उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने आकाशवाणी भवन में सोशल मीडिया टीम से मुलाकात की और उनसे अपनी रचनात्मक प्रतिभा के साथ नई ऊंचाइयों को छूने का आग्रह किया। ऑल इंडिया रेडियो न्यूज के प्रधान महानिदेशक, एनवी रेड्डी ने कहा कि यह टीम वर्क का परिणाम है और लोगों के बीच एआईआर न्यूज की विश्वसनीयता का प्रतिबिंब है।

अभ्यास, स्वतंत्रता आंदोलन पर प्रश्नोत्तरी और खेल प्रश्नोत्तरी जैसे छात्र विशिष्ट कार्यक्रमों से एआईआर न्यूज़ के प्रति नई पीढ़ी में रुचि बढ़ी है। जम्मू-कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ने में और योगदान करते हुए, एआईआर कार्यक्रमों के पहले से ही विविधतपूर्ण गुलदस्ते में एक विशेष खंड 'जम्मू कश्मीर – एक नई सुबह' जोड़ा गया है।

प्रवासियों तक पहुंचने तथा भारत की वैश्विक पहुंच और सॉफ्ट पावर को बढ़ाने के लिए एआईआर न्यूज ने दारी, पश्तो, बलूची, नेपाली, मंदारिन चीनी और तिब्बती सहित विदेशी भाषाओं में प्रसारण को दोगुना कर दिया है।

पारंपरिक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के अलावा, ऑल इंडिया रेडियो, डीडी फ्रीडिश डीटीएच और डीआरएम पर भी उपलब्ध है।

1936 में स्थापित ऑल इंडिया रेडियो दुनिया का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क है। यह 77 भारतीय और 12 विदेशी भाषाओं में समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

*****

एमजी/एएम/जेके/डीवी

(Release ID: 1828319) Visitor Counter : 133

Read this release in: English , Urdu , Marathi , Bengali , Punjabi , Tamil , Telugu , Kannada